सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 14 जुलाई, 2024

दिल्ली भ्रमण के दौरान उत्तराखण्ड सदन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कहा की हमारे सशस्त्र सेनाओं के बीच जो सामंजस्य और एकीकरण देखने को मिलता है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा है सैन्य भूमि उत्तराखंड के सपूत होने पर प्रदेशवासियों को आप पर गर्व है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने जनरल चौहान से कहा की उत्तराखंड सैन्य बाहुल्य प्रदेश है और यहां से लगभग प्रत्येक परिवार से कोई न कोई देश की सेवा कर रहा है। वहीं यहां पूर्व सैनिकों की संख्या भी अधिक है। इस बात को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने सीडीएस से पूर्व सैनिकों की समस्याओं, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ईसीएचएस की सुविधा बढ़ाने की ओर कार्य करने हेतु अनुरोध किया। इस दौरान राज्यपाल ने जम्मू कश्मीर में सैन्य सेवा के दौरान एक साथ बिताए गए समय को भी याद किया।

............0............